हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार 23 जून 2026

तापमान
अधिकतम 39.1 डिग्री
न्यूनतम 26.8 डिग्री

### 50 साल से अधिक समय से चल रहा बाजार दुकानदारों और ग्राहकों की यादें भी जुड़ी हुई



09 जून को आग लगने से जली थीं 12 दुकानें
तीन लोगों की हुई थी मौत

## आखें नम कर जिम संचालिका बोलीं, रेस्टोरेंट संचालक को बोला था फ्रिज में आग लगी है, उठ रहा धुआं
# मालिक ने भी नहीं दिया ध्यान, इसलिए लगी आग और जल गया रेस्टोरेंट व जिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टर-3 मार्केट स्थित एक्सिस बैंक भवन में रविवार सुबह लगी भीषण आग ने एक जिम संचालिका की वर्षों की मेहनत को कुछ ही घंटों में राख में बदल दिया। तीसरी मंजिल पर संचालित रेस्टोरेंट में लगी आग तेजी से फैलते हुए दूसरी मंजिल पर स्थित जिम और साथ लगती लाइब्रेरी तक पहुंच गई। हादसे में जिम की महंगी मशीनें, उपकरण और अन्य सामान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। जिम संचालिका रेणुका ने आरोप लगाया कि रेस्टोरेंट संचालक और भवन मालिक की लापरवाही के कारण उन्हें करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने सुबह ही रेस्टोरेंट भवन मालिक को बता दिया था कि रेस्टोरेंट से धुआं निकल रहा है। उन्होंने उसे हल्के में लिया और बोले की आग तो लगती रहती है। अगर समय रहते कार्रवाई की जाती तो आग पर शुरुआती स्तर पर ही काबू पाया जा सकता था। जानकारी के अनुसार, सेक्टर-3 मार्केट में स्थित भवन के भूतल पर एक्सिस बैंक संचालित है, जबकि दूसरी मंजिल पर जिम और तीसरी मंजिल पर रेस्टोरेंट व कैफे चल रहा था। रविवार सुबह करीब सात बजे रेस्टोरेंट में रखे एक फ्रीज से धुआं निकलता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दोपहर तक पूरे फ्लोर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि रेस्टोरेंट के साथ-साथ लाइब्रेरी की छत और नीचे स्थित जिम भी इसकी चपेट में आ गए।

### चेतावनी के बावजूद आवश्यक कदम नहीं उठाए

रेणुका ने बताया कि रविवार सुबह उनका मैनेजर पानी की टंकी की जांच के लिए ऊपर गया था। इसी दौरान उसने रेस्टोरेंट में रखे फ्रीज से धुआं निकलते देखा। इसकी सूचना तुरंत भवन मालिक को दी गई, लेकिन किसी ने गंभीरता नहीं दिखाई। उनका आरोप है कि शुरुआती चेतावनी के बावजूद आवश्यक कदम नहीं उठाए गए, जिसके कारण आग बेकाबू हो गई और पूरे जिम को भारी नुकसान पहुंचा।

### गंभीरता से नहीं लिया

जिम संचालिका के अनुसार, सूचना मिलने के करीब एक घंटे बाद भवन मालिक मौके पर पहुंचा। उन्होंने आरोप लगाया कि भवन मालिक ने घटना को गंभीरता से लेने के बजाय सामान्य टिप्पणी करते हुए कहा कि आग तो लगती रहती है। वहीं रेस्टोरेंट संचालक भी करीब दो घंटे बाद मौके पर पहुंचा। रेणुका का कहना है कि जब उन्होंने नुकसान और जिम्मेदारी को लेकर बात करनी चाही तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

### छुट्टी के कारण भीड़ कम थी

रेणुका ने बताया कि जिम के साथ ही एक लाइब्रेरी भी संचालित होती है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी पढ़ने आते हैं। यदि रविवार का अवकाश नहीं होता तो स्थिति कहीं अधिक भयावह हो सकती थी। सामान्य दिनों में जिम में ट्रेनर और सदस्य मौजूद रहते हैं तथा लाइब्रेरी में भी छात्र पढ़ाई कर रहे होते हैं। ऐसे में आग की यह घटना बड़े जनहानि हादसे में बदल सकती थी।

### पूर्व सीएम हुड्डा ने मौके का निरीक्षण कर डीसी से मुआवजा दिलवाने के लिए कहा



### राहत दिलाने के लिए जल्द कार्रवाई हो : हुड्डा

घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा मौके पर पहुंचे और जिम का निरीक्षण किया। उन्होंने उपायुक्त सचिन गुप्ता को फोन कर नुकसान का आकलन कर शीघ्र रिपोर्ट तैयार करने तथा पीड़ितों को जल्द समुआवजा दिलाने के निर्देश देने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने नगर निगम के ज्वाइंट कमिशनर से भी फोन पर बातचीत कर आग से हुए नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करवाने और प्रभावित लोगों को राहत दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

## डी पार्क के अग्निकांड पीड़ितों को अभी नहीं मिला मुआवजा

**रोहतक।** नौ जून को डी पार्क स्थित पुराने बाजार में लगी भीषण आग को दो सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अग्निकांड में सब कुछ गंवा चुके दुकानदार आज भी राहत और मुआवजे का इंतजार कर रहे हैं। करीब 50 वर्ष पुराने इस बाजार से न केवल सैकड़ों परिवारों की आजीविका जुड़ी रही है, बल्कि शहरवासियों की अनगिनत यादें भी बसती हैं। आग से 12 दुकानें जलकर राख हो गई थीं, जबकि तीन की दर्दनाक मौत ने शहर को झकझोर कर रख दिया था। घटना के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके का दौरा कर पीड़ितों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया था, लेकिन अब तक किसी भी प्रभावित दुकानदार को आर्थिक सहायता नहीं मिल पाई है। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने भी यहां के निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को कहा था कि वह जब युवा थे तो तभी से इन बाजारों में उनका आना जाना था।

### दो कमेटी बनाई थी

प्रशासन ने नुकसान के आकलन और हादसे के कारणों की जांच के लिए दो टीमें गठित की थीं। उपायुक्त सचिन गुप्ता के निर्देश पर एक टीम ने दुकानों और व्यापारियों के नुकसान का सर्वे किया, दूसरी टीम को मजिस्ट्रेट जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। सर्वे और जांच का कार्य पूरा होने के बावजूद राहत राशि को लेकर ठोस घोषणा नहीं हुई है। कई दुकानदारों के सामने कारोबार दोबारा नहीं शुरू कर पाने का संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना है कि प्रशासन और सरकार ने मदद का आश्वासन दिया था, इसलिए अब जल्द से जल्द मुआवजा जारी किया जाना चाहिए। उधर व्यापारी संगठनों का कहना है कि हादसे के कारणों की पूरी सच्चाई सामने आनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### शहर की पहचान

डी पार्क बाजार केवल व्यापार का केंद्र नहीं, बल्कि शहर की पहचान का हिस्सा रहा है। ऐसे में प्रभावित दुकानदारों और मृतकों के परिजनों की निगाहें अब सरकार और प्रशासन पर टिकी हैं। उन्हें उम्मीद है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद जल्द राहत पैकेज घोषित होगा और उनके नुकसान की कुछ भरपाई हो सकेगी।

### शहर में आज

- एमडीयू में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कार्यशाला दस बजे
- नगर निगम में बैठक सुबह 11 बजे
- ऑक्सीजन क्रिकेट ग्राउंड में डीसीए और भारती क्लब के बीच मैच नौ बजे
- रोडवेज डिपो में कर्मियों की मीटिंग।

### खबर संक्षेप

#### दुकान के ताले तोड़कर लाखों का सामान चोरी

**रोहतक।** सैनिक कॉलोनी स्थित एक बिजली मोटर की दुकान के ताले तोड़कर चोर लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। गांव बनियानी निवासी अनिल ने पुलिस को बताया कि उसकी सैनिक कॉलोनी में बिजली मोटर और विद्युत उपकरणों की दुकान है। जब वह दुकान पर पहुंचा तो शटर के ताले टूटे हुए मिले। चोर दुकान से दो कूलर मोटर, एक पंखे की मोटर, दो पानी की मोटर, करीब 11 किलो तांबे का तार तथा बिजली उपकरण चोरी कर ले गए।

#### महिला से चेन झपटकर भाग रहा युवक काबू

**रोहतक।** विशाल नगर में दिनदहाड़े महिला के गले से चेन झपटकर भाग रहे युवक को लोगों ने पीछा कर पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से टूटी चेन भी बरामद कर ली है। विशाल नगर निवासी नीलम घर के बाहर टहल रही थीं। इसी दौरान स्कूटी पर सवार एक युवक वहां पहुंचा और उनके गले से चेन तोड़कर फरार हो गया। महिला की आवाज सुनकर पड़ोस के लोगों ने आरोपी का पीछा शुरू कर दिया। कुछ दूरी पर आजादगढ़ स्थित मिशन अकादमी के समीप लोगों ने युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी की पहचान विकास नगर, सोनीपत निवासी विजेंद्र वर्मा के रूप में की।

#### हेना कुमार ने रोहतक रेंज का कार्यभार संभाला

रोहतक। भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) की वर्ष 2016 बैच की अधिकारी हेना कुमार सुखना ने संयुक्त आयकर आयुक्त, रोहतक रेंज का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त,



उत्तर-पश्चिम क्षेत्र, चंडीगढ़ द्वारा जारी आदेशों के अनुपालन में अपना नया दायित्व संभाला। रोहतक में पद भार ग्रहण करने से पूर्व सुखना चंडीगढ़ में कार्यरत थीं तथा आयकर विभाग में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। अपने अनुभव, प्रशासनिक दक्षता एवं पेशेवर दृष्टिकोण के लिए जानी जाने वाली हेना कुमार सुखना के नेतृत्व से रोहतक रेंज में आयकर प्रशासन को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## शहरवासियों को अभी से सताने लगी जलभराव की चिंता
# तो इस बार डूबेगा रोहतक
## मानसून सिर पर, नालों की सफाई अधर में लटकी, एक करोड़ का टेंडर जारी होने के बाद भी नहीं शुरू हो पाया काम, कहीं इस बार याद न आ जाए 1995 की बाढ़

### पिछले साल हुडा काम्प्लेक्स में भर गया था ढाई फुट तक पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मानसून की दस्तक में अब कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन रोहतक शहर के बड़े नालों की सफाई का काम अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 1 जुलाई के बीच मानसून हरियाणा में सक्रिय होने की सम्भावना है, जबकि नगर निगम अभी तक नालों की सफाई की प्रक्रिया को जमीन पर नहीं उतार पाया है।

ऐसे में शहरवासियों को आशंका सताने लगी है कि कहीं एक बार फिर बारिश के दौरान शहर जलमग्न न हो जाए और लोगों को 1995 जैसी भयावह बाढ़ जैसी परिस्थितियों की याद न आ जाए।

नगर निगम ने शहर के 22 वार्डों को चार जोन में बांटकर एक करोड़ का नालों की सफाई का टेंडर तो जारी कर दिया है, लेकिन कार्य शुरू नहीं हो सका है। पार्षद कपिल नागपाल, नीरा भटनागर सहित कई पार्षद लगातार निगम आयुक्त को पत्र लिखकर सफाई कार्य जल्द शुरू कराने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों में काम शुरू भी होता है तो मानसून से पहले प्रमुख नालों की पूरी तरह सफाई कर पाना मुश्किल होगा।

पार्षदों का कहना है कि शहर के किसी भी बड़े नाले की अब तक व्यापक सफाई नहीं हुई है। ऐसे में यदि सामान्य से अधिक बारिश होती है तो जल निकासी व्यवस्था चरमरा सकती है। उनका आरोप है कि हर वर्ष मानसून से पहले नालों की सफाई की योजना बनाई जाती है, लेकिन इस बार प्रक्रिया में देरी होने से स्थिति चिंताजनक बन गई है।

21 अगस्त 2025 में सैनी कॉलेज रोड के सामने ऐसे थे हालात



### 2025 में यहां हो चुका जलभराव

शहर में पिछले वर्ष 2025 की बरसात के दौरान कई क्षेत्रों में तीन फुट तक जलभराव हो गया था। सेक्टर एक दो, तीन और चार, रेडियो स्टेशन क्षेत्र, गोहाना अड्डा, सुखपुरा चौक, रेलवे रोड, गांधी कैंप, जनता कॉलोनी, सरकूलर रोड, हुडा कॉम्प्लेक्स, दिल्ली बाईपास, मॉडल टाउन और कई कॉलोनियों में सड़कें तालाब में तब्दील हो गई थीं। लोगों के घरों और दुकानों में पानी घुस गया था, जिससे भारी नुकसान हुआ था।

### घबराने की जरूरत नहीं



लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। जलभराव से निपटने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। चार जोन में करीब एक करोड़ की लागत से सफाई करवाई जाएगी। जल्द ही नालों की सफाई का कार्य शुरू किया जाएगा। जलभराव की जगहों को चिन्हित किया जा रहा है। पानी जमा नहीं होने दिया जाएगा।

*-रामअवतार वाल्मीकि, मेयर रोहतक*

### नालों की सफाई से पहले पहुंचेगा मानसून

पार्षदों का कहना है कि वर्तमान हालात को देखते हुए लगता है कि नालों की सफाई से पहले ही मानसून पहुंच जाएगा। यदि ऐसा हुआ तो निगम को बाद में मशीनरी लगाकर जल निकासी करनी पड़ेगी, जिससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल पाएगा। वहीं नागरिक भी प्रशासन से समय रहते नालों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग कर रहे हैं ताकि बरसात के मौसम में शहर को जलभराव की समस्या से बचाया जा सके।

### यहां अभी तक नहीं हुई सफाई

- गोहाना अड्डा से सुखपुर चौक तक दोनों तरफ
- गोहाना अड्डा से सुभाष रोड होते हुए अंबेडकर चौक तक दोनों तरफ
- गोहाना अड्डा से राहड़ रोड होते हुए प्रेम नगर चौक तक दोनों तरफ
- गोहाना अड्डा से सिविल रोड होते हुए छोटू राम चौक तक दोनों तरफ
- गोहाना अड्डा (लाजपत राय चौक) से सदानंद चौक तक दोनों तरफ
- किल्ला रोड मुख्य बाजार में दोनों तरफ
- किल्ला रोड से शांतमई चौक तक दोनों तरफ
- शांतमई चौक से आउटर किल्ला रोड होते हुए गोहाना अड्डा तक दोनों तरफ
- शांतमई चौक से पालिका बाजार होते हुए छोटू राम चौक तक दोनों तरफ
- गोहाना अड्डा से जींद रोड पर।

*वार्ड सात के पार्षद कपिल नागपाल ने हाल ही में निगम आयुक्त को पत्र भेजकर नालों की सफाई की मांग उठाई है। इसमें यह जगह चिन्हित की गई हैं।*

### जल्द शुरू होगा सफाई कार्य




जल्द ही नालों की सफाई का कार्य शुरू किया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।प्रमुख नालों की सफाई पहले चरण में करवाई जाएगी।22 वार्डों में चार जोन इसलिए बनाए गए हैं ताकि सफाई कार्य जल्द पूरा किया जा सके।

*-नरेंद्र कुमार, निगम आयुक्त*

## निवेश पर दिया भारी मुनाफे का झांसा
# युवती से 91 हजार रुपये की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कलानौर क्षेत्र के वार्ड नंबर-8 निवासी चेष्टा नामक युवती से निवेश पर भारी मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 91,694 रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में चेष्टा ने बताया कि 3 जून को उसे एक सोशल मीडिया ग्रुप में जोड़ दिया गया। इसके बाद व्हाट्सएप लिंक के माध्यम से संपर्क कर निवेश करने पर मोटा लाभ कमाने का लालच दिया गया। आरोपियों ने विभिन्न योजनाओं में पैसा लगाने के लिए उसे प्रेरित किया और भरोसा जीतकर अलग-अलग किस्तों में रकम ट्रांसफर करवा ली। पीड़िता के अनुसार उसने प्रदीप कुमार मीणा, देवकीनंदन गोयल और बलबीर सिंह सहित अन्य नामों की यूपीआई आईडी पर कुल 91,694 रुपये भेज दिए। बाद में जब उसे कोई लाभ नहीं मिला और संपर्क करने पर आरोपियों ने जवाब देना बंद कर दिया तो उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला।




व्हाट्सएप लिंक के माध्यम से संपर्क में आई थी पीड़िता

### पुलिस की अपील, सतर्क रहें

शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। साइबर अपराध शाखा की मदद से आरोपियों की पहचान और धनराशि के लेन-देन की जांच की जा रही है। पुलिस ने लोगों से ऑनलाइन निवेश के नाम पर मिलने वाले लालच से सतर्क रहने की अपील की है। (पेज 12 भी देखें)

## कार सवार बदमाश बोले-अपने बाप को समझा दे, वरना दो दिन में मार देंगे
# मंदिर गए इनेलो नेता के बेटे को दी धमकी

### खेड़ी साध में हनुमान मंदिर के पास हुई घटना, स्कॉर्पियो में सवार थे 5-6 युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव खेड़ीसाध में सोमवार शाम उस समय हड़कंप मच गया जब इनेलो के युवा जिलाध्यक्ष बल्लू प्रधान के बेटे को कथित तौर पर कुछ युवकों ने रोककर जान से मारने की धमकी दे दी। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया, जबकि परिजनों ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार गांव खेड़ीसाध निवासी इनेलो के युवा जिलाध्यक्ष बल्लू प्रधान का 17 वर्षीय बेटा आकाश सोमवार शाम करीब 5:40 बजे गांव स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करने गया था। आरोप है कि मंदिर के पास एक स्कॉर्पियो गाड़ी आकर रुकी, जिसमें 5-6 युवक सवार थे।

### आकाश को रोका

युवकों ने आकाश को रोक लिया और उससे पूछा कि क्या वह बल्लू प्रधान का बेटा है। आरोप है कि युवकों ने आकाश को धक्का देते हुए कहा कि अपने बाबू को समझा दे, वह बहुत एडवांस चल रहा है। दो दिन में मार देंगे। इसके बाद सभी युवक मौके से फरार हो गए। घटना से घबराया आकाश तुरंत घर पहुंचा और परिजनों को पूरे मामले की जानकारी दी। परिवार में चिंता का माहौल बन गया।

### धार्मिक स्थल पर घटना होना चिंता का विषय

ग्रामीणों का कहना है कि धार्मिक स्थल के पास इस तरह की घटना होना चिंता का विषय है। वहीं परिजनों ने मंदिर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने की मांग की है। बल्लू प्रधान ने कहा कि यदि समय रहते आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वे मामले को उच्च अधिकारियों के समक्ष उठाएंगे। उधर पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस की ओर से मामले को गंभीरता से नहीं लिया

बल्लू प्रधान ने बताया कि उन्होंने तुरंत आईएमटी थाना पुलिस को फोन कर मामले की जानकारी दी। उनका आरोप है कि पुलिस की ओर से मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने उनसे पूछा कि क्या फोन पर धमकी मिली है। जब उन्होंने बताया कि धमकी उनके बेटे को सामने आकर दी गई है तो उन्हें उचित जवाब नहीं मिला। मामले के सामने आने के बाद गांव में भी चर्चा का माहौल है।

**अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर**

## दो सड़क हादसों में बस चालक व प्रवासी मजदूर की गई जान

**रोहतक।** पिछले 24 घंटे के दौरान हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक बस चालक और एक प्रवासी मजदूर की मौत हो गई। डीघल टोल प्लाजा के समीप एक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बस चालक देवेंद्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव गुरदासपुर माजरा, जिला रेवाड़ी निवासी देवेंद्र के रूप में हुई है। हादसे के बाद चालक को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे हादसे में बादली क्षेत्र स्थित निजी कंपनी में कार्यरत 28 वर्षीय प्रवासी मजदूर मुकेश की जान चली गई। मुकेश मूल रूप से अलीगढ़ का रहने वाला था और रोजगार के सिलसिले में क्षेत्र में रह रहा था। हादसे के बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। इस मामले में मृतक के भाई सुशील कुमार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और हादसों के जिम्मेदार वाहन चालकों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय ने हजारों विद्यार्थियों दी बड़ी राहत**

## मर्सी चांस आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी 7 तक कर सकेंगे ऑनलाइन अप्लाई



अब विद्यार्थी दोबारा परीक्षा देकर अपनी डिग्री पूरी कर सकेंगे

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने हजारों विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए मर्सी चांस के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 जुलाई 2026 कर दी है। पहले निर्धारित अवधि में आवेदन नहीं कर पाने वाले विद्यार्थी अब अतिरिक्त समय का लाभ उठा सकेंगे। इस फैसले से उन छात्रों को सबसे अधिक फायदा होगा, जिनकी डिग्री किसी कारणवश अधूरी रह गई थी। मर्सी चांस के तहत विद्यार्थी दोबारा परीक्षा देकर अपनी डिग्री पूरी कर सकेंगे। साथ ही उन्हें अपने अंकों में सुधार (इम्प्रूवमेंट) का अवसर भी मिलेगा। हालांकि बीएड पाठ्यक्रम में अंक सुधार की सुविधा लागू नहीं होगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि वर्ष 2001 के बाद पंजीकृत विद्यार्थी मर्सी चांस योजना का लाभ उठा सकेंगे। जरूरत पड़ने पर कुलपति द्वारा गठित समिति पुराने मामलों पर भी विचार करेगी। मर्सी चांस के लिए आवेदन प्रक्रिया अब 7 जुलाई तक ऑनलाइन जारी रहेगी, जबकि परीक्षाएं अगस्त 2026 में विश्वविद्यालय परिसर में ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएंगी।

## तालाबों की जमीन की पैमाइश शुरू, वास्तविक स्थिति का होगा आकलन
# अब जोहड़ों से अवैध कब्जे हटाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर और गांवों में तालाबों, जोहड़ों तथा अन्य सार्वजनिक जलाशयों की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की दिशा में कार्रवाई तेज हो गई है। प्रदेश सरकार के निर्देशों के बाद पंचायत विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में अपने अधिकार क्षेत्र के तालाबों की पैमाइश करा रहा है, जबकि नगर निगम शहरी सीमा के भीतर आने वाले तालाबों और जलाशयों का सत्यापन एवं सीमांकन करवा रहा है। राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज जलाशयों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा रहा है, ताकि संभावित अतिक्रमण की पहचान की जा सके। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार पैमाइश के दौरान राजस्व रिकॉर्ड में तालाब, जोहड़, टैंक अथवा अन्य जलाशय के रूप में दर्ज भूमि का सत्यापन किया जा रहा है। रिकॉर्ड में दर्ज क्षेत्रफल और मौके की स्थिति का मिलान कर यह देखा जा रहा है कि कहीं जलाशय की भूमि पर अवैध कब्जा तो नहीं किया गया। तालाबों की वर्तमान स्थिति, उपयोग और संरक्षण संबंधी जानकारी भी जुटाई जा रही है।



एआई जेनरेटेड

### भूमि सुरक्षित रखने के निर्देश

हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण (एचपीडब्ल्यूडब्ल्यूएमए) ने सभी जिलों को सार्वजनिक जलाशयों की भूमि सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। तालाबों और जोहड़ों पर हुए अवैध कब्जों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा इन जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। विभिन्न जिलों में पैमाइश और सत्यापन का कार्य शुरू किया गया है। सरकार का मानना है कि तालाब ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में जल संरक्षण की महत्वपूर्ण इकाई हैं। वर्षा जल संचयन, भूजल स्तर को बनाए रखने और पर्यावरणीय संतुलन कायम रखने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। कई स्थानों पर तालाबों की भूमि पर अतिक्रमण होने तथा जलाशयों के सिकुड़ने की शिकायतें सामने आई थीं।

- अभियान के दौरान तैयार की जा रही रिपोर्ट पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
- जिन स्थानों पर राजस्व रिकॉर्ड और मौके की स्थिति में अंतर मिलेगा या अतिक्रमण की पुष्टि होगी, वहां संबंधित विभागों द्वारा नोटिस जारी कर कब्जे हटाने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।
- अभियान पूरा होने के बाद तालाबों और अन्य सार्वजनिक जलाशयों की वास्तविक स्थिति का व्यापक डाटा उपलब्ध होगा
- इसके आधार पर संरक्षण, पुनर्जीवन और अतिक्रमण हटाने की आगामी योजनाओं को लागू किया जाएगा।
- सरकार का उद्देश्य सार्वजनिक जलाशयों को उनके मूल स्वरूप में सुरक्षित रखना है, ताकि भविष्य में जल संरक्षण की जरूरतों को पूरा किया जा सके और पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित किया जा सके।

**खबर संक्षेप**

## हरे कृष्णा उत्सव में गूंजे श्रीकृष्ण भक्ति के स्वर



**सांपला।** इस्कॉन सांपला द्वारा सोमवार को स्थानीय गोपालजी कॉम्प्लेक्स में हरे कृष्ण उत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृष्ण भक्तों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति रस का आनंद लिया।

इस अवसर पर कृष्ण भक्त रसिक ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाभारत में अर्जुन ने स्वयं को भगवान श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन में समर्पित कर दिया था। उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन की डोर श्रीकृष्ण के हाथों में सौंप देनी चाहिए। जब मनुष्य पूर्ण श्रद्धा, विश्वास और समर्पण के साथ प्रभु का आश्रय ग्रहण करता है तो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता और सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त होने लगता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्राणी को यह भ्रम रहता है कि वह स्वयं सब कुछ कर रहा है, जबकि वास्तव में वही होता है जो प्रभु की इच्छा होती है। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास की पंक्ति /"होइहै सोइ जो राम रचि राखा/" का उल्लेख करते हुए कहा कि मनुष्य को अपने कर्म करते हुए भगवान पर भरोसा बनाए रखना चाहिए। रसिक ने जीवन में अच्छे कर्मों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सदैव सत्य, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलना चाहिए।

## मदविः प्रो. नील कमल इंटरडिसिप्लिनरी स्टडीज फैकल्टी की डीन नियुक्त

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने एमडीयू एक्ट के स्टैचुएट -19 के प्रावधानों के तहत फॉरेंसिक साइंस विभाग की प्रोफेसर डॉ. नील कमल को फैकल्टी ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी स्टडीज की डीन नियुक्त किया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बतौर डीन, फैकल्टी ऑफ़ इंटरडिसिप्लिनरी स्टडीज प्रो. नील कमल की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से आगामी तीन वर्ष की अवधि के लिए की गई है।

# टाल वाला मंदिर: शीतल जलधारा और धूणे की तपस्या से बनी विशेष पहचान

**भगत जगजीत वर्षों से कर रहे हैं यहां तपस्या**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव खिड़वाली स्थित टाल वाला मंदिर आज भी क्षेत्र के लोगों की आस्था, सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। वर्ष 1754 में स्थापित यह प्राचीन मंदिर करीब 272 वर्षों से श्रद्धालुओं की श्रद्धा का प्रतीक है। मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। ग्रामीणों के अनुसार एक समय ऐसा था जब परीक्षाओं से पहले विद्यार्थी यहां भगवान का आशीर्वाद लेने आते थे। श्रद्धालुओं का मानना है कि सच्चे मन से मांगी गई मनोकामनाएं यहां पूरी होती हैं।

**अलग खबर**

समय के साथ मंदिर की स्थिति कमजोर होने लगी थी, लेकिन वर्ष 2001 में पंडित रामप्रताप मुद्गल ने इसके पुनर्निर्माण का बीड़ा उठाया और मंदिर को नया स्वरूप प्रदान किया। पंडित रामप्रताप मुद्गल के बाद मंदिर की सेवा और देखरेख की जिम्मेदारी राकेश मुद्गल और मुकेश मुद्गल ने संभाली। उनके प्रयासों से मंदिर में धार्मिक गतिविधियां लगातार संचालित हो रही हैं। मंदिर के विकास में सरपंच बिजेन्द्र, भगत जगजीत हुड्डा, मास्टर श्रीभगवान हुड्डा, रामकुमार हुड्डा, गौशाला समिति खिड़वाली और समिति के प्रधान कृष्ण हुड्डा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## 272 वर्षों से आस्था का दीप जलाए है मंदिर : परीक्षा से पहले विद्यार्थी यहां लेने आते थे भगवान का आशीर्वाद

### तपस्या की परंपरा आज भी कायम

भगत जगजीत हुड्डा वर्षों से सर्द मौसम में शीतल जलधारा तपस्या कर रहे हैं। वहीं भगत सतबीर मुद्गल ने धूणें लगातार 41 दिन तक कठोर तपस्या कर क्षेत्र में धार्मिक साधना का संदेश दिया है। उनकी तपस्या युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है।

### हर वर्ष लगते हैं धार्मिक आयोजन, संत महात्मा देते हैं धर्म-संस्कृति का संदेश

मंदिर में प्रतिवर्ष संस्कृत संगीत, रागनी, हवन, भंडारा और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है। इन आयोजनों में हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं। कई संत-महात्मा भी यहां पहुंचकर धर्म और संस्कृति का संदेश देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि टाल वाला मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, संस्कार और भारतीय संस्कृति का जीवंत केंद्र है। आज भी यह मंदिर लोगों को अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रहने की प्रेरणा दे रहा है।



## कोर्ट के पास आग से मची अफरा-तफरी, सिलेंडर फटने से बचा तो टला बड़ा हादसा

# चाय की टपरी में लगी आग या साजिश कैन लेकर पहुंचा युवक सीसीटीवी में कैद

- मॉडल टाउन में ट्रांसफार्मर में लगी लाग, समय रहते पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में रविवार देर रात को आग की दो घटनाओं ने लोगों की सांसें थमा दीं। कोर्ट परिसर के पास एक चाय व जूस की टपरी और टाइप करने वाले की दुकान में लगी आग ने कुछ देर के लिए पूरे इलाके में अफरा-तफरी मचा दी, जबकि मॉडल टाउन में ट्रांसफार्मर में आग लगने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। राहत की बात यह रही कि दोनों घटनाओं में दमकल विभाग ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। हालांकि चाय की टपरी में लगी आग अब रहस्य बन गई है। गांव खिड़वाली निवासी मोहित की चाय की दुकान, जुलाना निवासी मोनू की जूस की टपरी और सिसाना निवासी बिल्लू दहिया की टाइप की दुकान थी। दुकानदारों ने कहा कि आग को शॉर्ट सर्किट से नहीं ब्लकि लगाई गई है। वहीं सीसीटीवी फुटेज में एक युवक हाथ में कैन लेकर टपरी की ओर जाता दिखाई दिया है, जिसके बाद पुलिस भी मामले को गंभीरता से लेकर जांच में जुट गई है।




रोहतक। जलकर राख हई चाय की टपरी।

### लपटें देख लोगों में मचा हड़कंप

जानकारी के अनुसार कोर्ट के पास स्थित चाय की टपरी में अचानक आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी टपरी को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### पुलिस ने शुरू की जांच

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टपरी में रखा गैस सिलेंडर भी आग की जद में आ गया था। यदि सिलेंडर फट जाता तो आसपास की दुकानों और लोगों को भारी नुकसान हो सकता था। दमकल कर्मियों की तत्परता के कारण सिलेंडर सुरक्षित रहा और बड़ा हादसा टल गया। फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दुकानदार ने आग पर उठाए सवाल

घटना के बाद मामला उस समय नया मोड़ ले गया जब दुकानदार ने आग लगने के कारणों पर सवाल उठाए। दुकानदार का कहना है कि आग शॉर्ट सर्किट से नहीं लगी, बल्कि किसी ने जानबूझकर आग लगाई है। उसने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक युवक हाथ में कैन लेकर टपरी की ओर जाता दिखाई दे रहा है।

### माडल टाउन में शॉर्ट सर्किट से ट्रांसफार्मर में लगी आग

उधर, शहर के मॉडल टाउन क्षेत्र में भी एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है। ट्रांसफार्मर से उठती लपटें देखकर स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग और बिजली निगम को सूचना दी। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई, जबकि बिजली निगम के कर्मचारियों ने एहतियात के तौर पर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति कुछ समय के लिए बंद कर दी। एक ही दिन में हुई इन दो घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था और आग से बचाव के उपायों को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस और संबंधित विभाग अपने-अपने स्तर पर जांच में जुटे हुए हैं।

### सीसीटीवी में कैन के साथ दिख रहा युवक

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फुटेज में दिखाई दे रहे युवक की पहचान होने के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि आग हादसा थी या फिर किसी सुनियोजित साजिश का हिस्सा।

## एसडीएम वाली समिति ने सांपला में जले शोरूम का मुआयना किया



**सांपला।** सांपला के मुख्य बाजार स्थित कपड़ों के शोरूम में शुक्रवार रात लगी भीषण आग से हुए नुकसान के आंकलन के लिए गठित चार सदस्यीय प्रशासनिक समिति ने सोमवार को घटनास्थल का निरीक्षण किया। समिति की अध्यक्षता एसडीएम अंकिता पंवार कर रही हैं। समिति में तहसीलदार गुलाब सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को शामिल किया गया है। सोमवार को समिति ने आग से जलकर खाक हुए शोरूम की तीनों मंजिलों का बारीकी से मुआयना किया तथा भवन को हुए नुकसान का प्रारंभिक आंकलन किया। अधिकारियों ने भवन की स्थिति, संरचनात्मक क्षति तथा अन्य प्रभावित हिस्सों का निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया। समिति के सदस्यों ने शोरूम संचालक से भी घटना से संबंधित जानकारी प्राप्त की। वहीं शोरूम में रखे कपड़ों एवं अन्य सामान के नुकसान का निर्धारण खरीद बिलों, स्टॉक रजिस्टर तथा अन्य संबंधित दस्तावेजों की जांच के बाद किया जाएगा। समिति की रिपोर्ट तैयार होने के बाद ही नुकसान की वास्तविक राशि का पता चल सकेगा। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार देर रात मुख्य बाजार स्थित कपड़ों के इस शोरूम में भीषण आग लग गई थी। र प्रारंभिक तौर पर करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका ने भी पीड़ित दुकानदार से मुलाकात कर घटना पर दुख व्यक्त किया। मौके पर एसडीएम अंकिता पुवार, भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, अमित बंसल, नगर पालिका चेयरमैन प्रवीण कोच, मार्केट कमेटी चेयरमैन उदयभान मलिक, वाइस चेयरमैन हरबंस लाल मक्कड़, राजबीर सैनी, मुन्ना बंसल, बिजेंद्र, मास्टर कप्तान, संदीप मक्कड़, सुभाष, सौरभ सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कबीरदास जयंती पर 28 जून को सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम

- स्कॉलर्स रोजरी स्कूल की जूनियर विंग में आयोजित होगा कार्यक्रम, डॉ बजरंग बिहारी मुख्य वक्ता के रूप में लेंगे भाग

**रोहतक।** संत कबीरदास जयंती के अवसर पर 28 जून को हरियाणा ज्ञान-विज्ञान समिति और जनवादी लेखक संघ, जिला रोहतक के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 4:30 बजे स्कॉलर्स रोज़री स्कूल (जूनियर विंग) में आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार संत कबीरदास भक्ति आंदोलन के प्रमुख समाज सुधारकों में से एक थे। उन्होंने अपने पूरे जीवन में जातिवाद, पाखंडवाद, धार्मिक कट्टरता और अंधविश्वास का विरोध किया तथा न्यायपूर्ण समाज की स्थापना का संदेश दिया। आज भी उनके विचार समाज के लिए प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में प्रसिद्ध दलित विमर्शकार एवं भक्ति काव्य के अध्येता प्रो. व डॉ. बजरंग बिहारी तिवारी कबीरदास : आज के संदर्भ में' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखेंगे। वहीं हरियाणवी गायक एवं सिनेमा अभिनेता सुरेंद्र निशाना अपनी टीम के साथ कबीरदास के दोहों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में शहर के बुद्धिजीवियों, साहित्यकारों, कलाकारों और विभिन्न सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में राजेंद्र सोमेश, मनीषा हंस, सुरेंद्र निशाना, लाभ सिंह हुड्डा, राजेंद्र कुमार, जितेंद्र खत्री, प्रो. प्रमोद गौरी, राजीव दलाल, सुनील और अनीता सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# तकनीकी शिक्षा से युवाओं को मिलती है आत्मनिर्भरता की राह : गीता गुलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्थानीय दीनबंधु सर छोटू राम राजकीय पॉलिटेक्निक में सोमवार को तकनीकी शिक्षा एवं प्रवेश प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांपला नगरपालिका के चेयरमैन प्रवीण कोच, स्थानीय पार्षदों, आसपास के गांवों के सरपंचों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान संस्थान में संचालित विभिन्न डिप्लोमा एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, फीस संरचना तथा रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों को बताया गया कि तकनीकी शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थी रोजगारोन्मुखी कौशल प्राप्त कर बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।संस्थान की प्राचार्य डॉ. गीता गुलिया ने कहा कि तकनीकी शिक्षा युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विद्यार्थियों और अभिभावकों को तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक युवा इसका लाभ उठा सकें। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. धूप सिंह, मनोज कुमार, योगेश हुड्डा सहित अन्य संकाय सदस्यों ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए बैठक में सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।



**सांपला।** दीनबंधु सर छोटू राम राजकीय पॉलिटेक्निक में आयोजित तकनीकी शिक्षा जागरूकता बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं संस्थान के अधिकारी।

## कलानौर आईटीआई : इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में 20 सीटों पर 88 आवेदन आए

- आईटीआई में छात्र 30 जून तक कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में नए शैक्षणिक सत्र के दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 जून तक कर सकते थे। पहले विद्यार्थी 15 जून तक आवेदन कर सकते थे, लेकिन अब तिथि को बढ़ा दिया गया है। जो विद्यार्थी किसी कारण से आवेदन नहीं कर पाया था वह अब आवेदन कर सकता है। रोहतक मुख्य आईटीआई में कुल 492 विद्यार्थियों ने आवेदन किया। राजकीय आईटीआई कलानौर में भी दाखिले को लेकर छात्रों में काफी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। कलानौर संस्थान में कुल 196 विद्यार्थियों ने दाखिले के लिए आवेदन किया। कलानौर आईटीआई में इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में 20 सीटों पर 88 आवेदन आए। वहीं सोमवार को सर्वर नहीं चलने के कारण विद्यार्थियों को आवेदन करने में भी दिक्कत आई और पोर्टल पर डाटा भी अच्छे तरीके से नहीं दिख रहा था।

**कलानौर आईटीआई**

| ट्रेड | कुल आवेदन |
| --- | --- |
| इलेक्ट्रिशियन | 88 |
| कंप्यूटर ऑपरेटर | 30 |
| मैकेनिक मोटर व्हीकल | 18 |
| आरएसी टेक्नीशियन | 11 |
| स्टेनोग्राफर हिंदी | 9 |
| वेल्डर | 8 |
| प्लंबर | 7 |
| मैकेनिक | 5 |
| ड्राफ्टसमैन | 5 |
| वुक वर्क | 4 |
| कॉस्मेटोलॉजी | 4 |
| ड्रेस मेकिंग | 3 |



## योग शिविर में दिया आध्यात्मिकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से रविवार को योग साधना शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महात्मा बिपुला बाई जी ने की।

शिविर के बाद सत्संग का आयोजन भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर महात्मा बिपुला बाई ने कहा कि योग स्वस्थ जीवनशैली का आधार है। योग न केवल शरीर को निरोग रखता है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन और प्रसन्नता प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ आध्यात्मिक मूल्यों से भी जोड़ते हैं। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के लिए खीर-पूड़ी के विशेष भंडारे का आयोजन किया गया, जिसकी व्यवस्था प्रेमी भाई मानसिंह सैनी द्वारा कराई गई। सायंकाल श्री गुरु महाराज जी ने पंजाबी बाग पहुंचकर श्रद्धालुओं को दर्शन दिए और आशीर्वाद प्रदान किया। आयोजन को सफल बनाने में मानव सेवा दल, शाखा आश्रम विभाग तथा अन्य श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सेवा की। उपस्थित श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम को प्रेरणादायी एवं आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करने वाला बताया।

## रोहतक के गांवों के विकास का खाका 15 अगस्त तक होगा तैयार

# ग्राम सचिवों को जिम्मेदारी, पोर्टल पर अपलोड करें जानकारी

**सभी पंचायतों को अपनी योजनाएं ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर तैयार कर जानकारी देनी होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक जिले की ग्राम पंचायतों को वर्ष 2026-27 के लिए अपनी विकास योजनाएं 15 अगस्त तक तैयार करनी होंगी। विकास एवं पंचायत विभाग की ओर से जारी निर्देशों के बाद जिले की सभी पंचायतों में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन योजनाओं के आधार पर आने वाले वित्तीय वर्ष में गांवों में विकास कार्यों की प्राथमिकताएं तय की जाएंगी। विभागीय निर्देशों के अनुसार पंचायतों को अपनी योजनाएं ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर तैयार कर अपलोड करनी होंगी। इसके लिए पोर्टल पर प्लानिंग विंडो 19 जून से शुरू हो चुकी है, जो 15 अगस्त तक खुली रहेगी। इस अवधि में ग्राम सभाओं की बैठकें आयोजित कर ग्रामीणों से सुझाव लिए जाएंगे और जरूरतों के अनुसार विकास योजनाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### जिले के विकास कार्य योजना में किए जाएंगे शमिल

जिले की पंचायतों को पेयजल, सड़क, स्वच्छता, जल निकासी, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल सुविधाओं, सामुदायिक भवनों और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर योजना में शामिल करना होगा। सरकार का उद्देश्य है कि गांवों का विकास स्थानीय आवश्यकताओं और ग्रामीणों की मांग के अनुरूप हो। विकास एवं पंचायत विभाग ने योजना निर्माण की जवाबदेही भी तय कर दी है। ग्राम पंचायत विकास योजना की गुणवत्ता, आवश्यक आंकड़ों के संकलन और समय पर योजना तैयार करने की मुख्य जिम्मेदारी ग्राम सचिवों की होगी। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि पंचायत की योजना वास्तविक जरूरतों पर आधारित हो तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर पोर्टल पर अपलोड कर दी जाए।

### संबंधित विभाग कराएंगे आंकड़े उपलब्ध

योजना निर्माण प्रक्रिया में स्वास्थ्य, शिक्षा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास तथा अन्य विभागों की भी भागीदारी रहेगी। संबंधित विभाग पंचायतों को आवश्यक आंकड़े और सूचनाएं उपलब्ध कराएंगे, ताकि विकास योजनाएं तथ्यों और जरूरतों के आधार पर तैयार की जा सकें। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के तहत कार्यरत जिला कार्यक्रम प्रबंधकों (डीपीएम) को योजना निर्माण प्रक्रिया की निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है।

**मुख्य बातें**

- जिले की सभी ग्राम पंचायतों को तैयार करनी होंगी विकास योजनाएं
- 15 अगस्त तक खुली रहेगी ई-ग्राम स्वराज पोर्टल की प्लानिंग विंडो
- ग्राम सभाओं से लिए जाएंगे विकास संबंधी सुझाव
- डीपीएम करेंगे पूरी प्रक्रिया की निगरानी
- गांवों की जरूरतों के अनुसार तय होंगे विकास कार्य

# बाजार में रेहड़ी लगाने पर रोक अब बाल भवन में मिलेगी जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

कस्बे के मुख्य बाजारों और व्यस्त मार्गों पर लगने वाली रेहड़ियों के कारण लंबे समय से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। सड़क किनारे और बाजार के बीचों-बीच लगने वाली रेहड़ियों से अक्सर जाम की स्थिति बन जाती थी, जिससे आम लोगों, दुकानदारों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसी समस्या के समाधान के लिए नगरपालिका ने बड़ा निर्णय लेते हुए बाजार की सड़कों पर रेहड़ी लगाने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। अब रेहड़ी संचालकों को बाल भवन परिसर में स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। नगरपालिका सचिव पंकज कुमार जून ने बाल भवन परिसर का निरीक्षण किया और वहां सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई। उन्होंने बताया कि बाल भवन में रेहड़ी संचालकों के लिए व्यवस्थित स्थान निर्धारित किया जाएगा, ताकि वे बिना किसी बाधा के अपना व्यवसाय कर सकें।

### कस्बे में लगभग 200 रेहड़ियां संचालित

नगरपालिका अधिकारियों के अनुसार कस्बे में लगभग 200 रेहड़ियां संचालित होती हैं। इनमें से अधिकांश रेहड़ियां मुख्य बाजार, खरखोदा मार्ग, झज्जर मार्ग, बहादुरगढ़ रोड और अन्य व्यस्त क्षेत्रों में लगाई जाती हैं। इन स्थानों पर पहले से ही वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। ऐसे में सड़क पर रेहड़ियां लगने से यातायात प्रभावित होता है और कई बार लंबा जाम लग जाता है। विशेष रूप से सुबह और शाम के समय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नगरपालिका का मानना है कि सभी रेहड़ियों को एक ही स्थान पर स्थानांतरित करने से न केवल यातायात व्यवस्था सुचारु होगी, बल्कि रेहड़ी संचालकों को भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में रेहड़ी संचालकों को लाइसेंस जारी करने की योजना भी बनाई जा रही है। लाइसेंस व्यवस्था लागू होने से रेहड़ी व्यवसाय को नियमित किया जा सकेगा और नगर में अतिक्रमण की समस्या पर भी नियंत्रण मिलेगा।

# एक्शन फाइट नाइट 21 में गांव सुनारियां की बेटी ने जीता टाइटल

**5 महीनों में दो बड़ी जीत दर्ज कर राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची प्रतिभावान बेटी मानसी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विराट स्पोर्ट्स प्रमोशन के तत्वावधान में आयोजित एक्शन फाइट नाइट 21 में रोहतक की मानसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टाइटल अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता फतेहाबाद जिले के टोहाना में आयोजित हुई थी। लाइव फाइट्स, रियल वॉरियर्स, वन नाइट' की थीम पर आयोजित इस प्रतियोगिता में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। कोच चीनू ने विजेता खिलाड़ी को बधाई दी। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी मानसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है।

सुनारिया निवासी मानसी प्रोफेशनल बॉक्सिंग में देश की नंबर एक की बॉक्सर है। फरवरी में अपनी दूसरी प्रोफेशनल फाइट जीतकर मानसी देश की नंबर-1 बॉक्सर बनी थी। वर्तमान में मानसी एमेच्योर बॉक्सिंग और प्रोफेशनल बॉक्सिंग दोनों खेल रही है। मानसी के पिता धर्मेंद्र किसान हैं। एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली मानसी के परिवार में पहले कभी कोई खेल में नहीं रहा। बॉक्सिंग का जुनून उन्हें स्कूल के टीचर से मिला, जिन्हें देखकर उन्होंने रिंग में उतरने का फैसला किया। आर्थिक तंगियों के बावजूद मानसी ने सितंबर 2025 में प्रोफेशनल बॉक्सिंग की दुनिया में कदम रखा।




### कोच चीनू को श्रेय

केवल 5 महीनों के भीतर मानसी दो बड़ी फाइट लड़ी और दोनों में जीत हासिल की। उनकी इसी मेहनत का नतीजा है कि आज वे राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। मानसी ने कहा कि मेरी सफलता का पूरा श्रेय मेरे परिवार के अटूट विश्वास और मेरे कोच चीनू के मार्गदर्शन को जाता है। गाँव की अकादमी में अभ्यास करते हुए मैंने जो सीखा, उसी ने मुझे इस मुकाम तक पहुँचाया है। पिता ने कभी मानसी के हौसले को टूटने नहीं दिया और हमेशा उसका हौसला बढ़ाया।

### ये हैं उपलब्धियां

वर्ष 2023 में जूनियर बॉक्सिंग प्रतियेगिता में कांस्य पदक जीता। 2024 में स्कूली स्टेट प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। 2025 में स्कूली स्टेट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। 2025 में स्कूली वेशवल प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। 2025 में यूथ गेम्स में रजत पदक जीता।

## रोहतक के छोरे ने नेपाल में लहराया परचम, रोलर स्केटिंग में जीता सोना



**मॉडल स्कूल में प्रथम कक्षा में पढ़ता है देवाग्य प्राचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने दी बधाई**

**रोहतक।** अंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल के प्रथम कक्षा के होनहार छात्र देवाग्य अरोड़ा ने नेपाल में आयोजित 8वें इंडो-नेपाल स्पोर्ट्स फेस्टिवल के तहत रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। मिल्स बेरी स्कूल, काठमांडू में आयोजित रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप के 6-8 आयु वर्ग में देवाग्य ने अव्वल रहते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। मॉडल स्कूल की प्राचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने देवाग्य को इस उपलब्धि पर बधाई देते इसे स्कूल के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण बताया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि लगन, आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत से विजय अवश्य प्राप्त होती है। स्कूल के अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी देवाग्य को इस उपलब्धि पर बधाई दी। देवाग्य की माता यशिका सहित अन्य परिजनों ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की।

## एशिया एंड ओशिनिया साम्बो चैंपियनशिप 2026 में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे साहिल, मनीला में दिखाएंगे दमखम

**24 जून से 28 जून तक होगी प्रतियोगिता**
**पिता देवेंद्र दांगी से प्रेरित होकर 2013 में शुरू किया था कुश्ती खेलना**



**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय साम्बो फेडरेशन (एफआईएएस) और फिलीपीन साम्बो फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित होने जा रही एशिया एंड ओशिनिया साम्बो चैंपियनशिप में रोहतक के पहलवान साहिल का चयन हुआ है। मदीना निवासी साहिल फिलीपींस की राजधानी मनीला में 24 जून से 28 जून तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेगा। कोच रणबीर ढाका, कोच रवि, अखाड़ा संचालक मोहित मलिक, कोच सोनू, कोच रिंकू ने विजेता खिलाड़ी को बधाई दी। साहिल ने बताया कि उसने पिता देवेंद्र दांगी से प्रेरित होकर 2013 में कुश्ती खेलना शुरू किया था। पिता भी कुश्ती में नेशनल स्तर के खिलाड़ी रहे हैं। 2023 में आर्मी में नौकरी लग गई थी। वर्तमान में आर्मी में हवलदार के पद पर कार्यरत हूं।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवसः नशे के विरुद्ध दौड़ में रोहतक रनर्स ग्रुप के धावकों का जलवा, गीता सहरावत को मिला पहला स्थान



**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय मैराथन धावक डॉ. सुनीता गोदारा द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त भारत अभियान के तहत रविवार, 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर नशे के विरुद्ध दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ प्रतियोगिता रोहतक रनर्स ग्रुप के धावकों ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम प्रदेश का नाम रोशन किया है। महिला वर्ग में ग्रुप की धावक गीता सहरावत ने 51-60 आयु वर्ग की 10 किलोमीटर दौड़ को 1 घंटे में पूरा कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, 41-50 आयु वर्ग की 10 किमी. दौड़ में सारिका यादव ने कड़ी चुनौती पेश करते हुए 51 मिनट 30 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में भी रोहतक रनर्स ग्रुप के धावकों का दबदबा रहा। 41-50 आयु वर्ग की 10 किमी. दौड़ में सुधीर तेवेतिया ने अपनी बेहतरीन खेल क्षमता का परिचय दिया और 44 मिनट 10 सेकंड में दौड़ पूरी कर दूसरा स्थान हासिल किया। दौड़ को पूरी खेल भावना के साथ पूरा करने वाले धावकों में सुधीर शोकीन, सुरेंद्र खत्री, रणबीर मलिक, सचिन कुमार, शिव कुमार, परवीन जांगड़ा, अशोक राणा, राजेश पायलट, अशोक फॉर, विकास राणा, गौरव चौधरी, पंकज भार्गव, कार्तिक भार्गव, दीपा भार्गव, दीपक सैनी, जितेंद्र श्रीवास्तव, सत्यपाल, ओमपाल सिंह सहरावत, राजीव भारद्वाज और अरविन्द पाल दहिया शामिल रहे।

# एमडीयू के छात्र सागर सोलंकी अब भारतीय वायु सेना में बने अधिकारी

■ एयर फोर्स सिलेक्शन बोर्ड की परीक्षा के लिए रवाना होने से ठीक पहले, 4 नवंबर 2025 को सिर से उठ गया था पिता का साया



**रोहतक।** सागर को सम्मानित करते प्रो. मिलाप पुनिया व अन्य अध्यापक। फोटोः हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) के छात्र सागर सोलंकी ने भारतीय वायु सेना में चयनित होकर विश्वविद्यालय और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (2022-26 बैच) के छात्र सागर ने भारतीय वायु सेना की एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग शाखा में चयन पाते हुए अंतिम मेरिट सूची में ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 61 हासिल की है। सागर की यह उपलब्धि इसलिए भी बेमिसाल है क्योंकि उन्होंने जीवन के सबसे कठिन दौर में भी अपने सपनों को टूटने नहीं दिया। एयर फोर्स सेलेक्शन बोर्ड की परीक्षा के लिए रवाना होने से ठीक पहले, 4 नवंबर 2025 को उनके पिता का आकस्मिक निधन हो गया था। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, लेकिन सागर ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने बेटे का फर्ज निभाते हुए अंतिम संस्कार सहित परिवार की सभी प्रारंभिक जिम्मेदारियां निभाईं और महज चार दिन बाद अपने सपने को साकार करने के लिए गांधीनगर पहुंच गए। गांधीनगर एएफएसबी केंद्र पर सागर की पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए चयन अधिकारियों ने उन्हें अगली चयन प्रक्रिया (नेक्स्ट बैच) में शामिल होने का मानवीय विकल्प दिया था।

# राष्ट्रभाषा हिन्दी के उत्थान और गुरुकुल शिक्षा व्यवस्था पर चलचित्र बनाने की मांग

■ वैदिक विश्वसभा के शिष्टमंडल ने सुपवा के कुलपति अमित आर्य को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



वैदिक विश्वसभा के एक शिष्टमंडल ने सुपवा के कुलपति अमित आर्य को ज्ञापन सौंपकर राष्ट्रभाषा हिन्दी के उत्थान, गुरुकुल शिक्षा व्यवस्था तथा सामाजिक समस्याओं के समाधान विषयक जनजागरण के लिए प्रेरक चलचित्रों के निर्माण का अनुरोध किया। ज्ञापन में कहा गया कि राष्ट्रभाषा का उत्थान, गुरुकुल शिक्षा का विधान हो सब समस्याओं का समाधान विषय पर व्यापक जनचेतना उत्पन्न करने की आवश्यकता है। इसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा लघु फिल्मों, वृत्तचित्रों तथा जनजागरणात्मक चलचित्रों का निर्माण किया जाए।

सभा ने विश्वविद्यालय में हिन्दी में अधिकाधिक प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्य संचालित करने तथा गुरुकुल शिक्षा की आवश्यकता विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित करने का भी निवेदन किया। साथ ही पर्यावरणीय एवं मानसिक प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय परिसर में यज्ञयोगशाला के निर्माण का सुझाव दिया गया।ज्ञापन में विश्वविद्यालय के आयोजनों में अस्वास्थ्यप्रद पेयों एवं तले हुए खाद्य पदार्थों पर प्रतिबंध लगाने, छात्रावासों में अनुशासन सुदृढ़ करने तथा छात्रों की अनुपस्थिति अथवा छात्रावास से बाहर जाने की स्थिति में अभिभावकों को सूचित करने जैसी व्यवस्थाओं का भी प्रस्ताव रखा गया।

### ये रहे मौजूद

शिष्टमंडल में वैदिक विश्वसभा के संरक्षक प्रो. महावीर धीर शास्त्री, सचिव डॉ. बलवीर सिंह, उपाध्यक्ष एवं पूर्व उपप्रस्तोता बलवीर सिंह, उपसचिव रवीन्द्र कुमार तथा अभिभावक संघ के प्रधान यशवंत आदि सदस्य उपस्थित थे।

**न्यूज डायरी**

## भाजपा सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर : भूपेंद्र हुड्डा



**रोहतक।** पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि भाजपा सरकार कहती कुछ और करती कुछ है। हाथी के दांत दिखाने के अलग और खाने के अलग हैं। सरकार दूसरों को विदेश यात्रा करने से रोक रही है, सोना खरीदने से रोक रही है, लेकिन खुद योग दिवस के अवसर पर पैसा खर्च किया गया। वे सोमवार को अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भाजपा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष विकास की बात तो करेगी, उसे केवल हुड्डा दिखाई दे रहा है। वहीं, तेल के कीमत पर कहा कि भाजपा सरकार ने तेल की कीमत 100 के पार कर दी। अब यह नहीं घटेंगे, क्योंकि पहले भी नहीं घटे। मनमोहन सरकार के समय तो घट जाते थे। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि ट्रंप क्या है, ट्रंप तो गिरगिट है। सुबह, दोपहर व शाम को अपना रंग बदलता रहता है। ट्रंप ने देश के पीएम के बारे में कहा, यह पूरे देश का अपमान है। ट्रंप को कोई अधिकार नहीं कुछ भी कहने का। जब अमेरिका में चुनाव होगा, तब पता चल जाएगा, ट्रंप ढूंढा भी नहीं मिलेगा। पूर्व सीएम बोले कि महम के विधायक बलराम दांगी का परिवार संघर्षशील रहा है। राजीव गांधी भी उनसे मिलने आए थे। उन्हें सुरक्षा मिलनी चाहिए। वह आगजनी से प्रभावित दुकानदारों से भी मिले, लेकिन अब तक प्रभावित दुकानदारों को मुआवजा नहीं मिला। दुकान हुड्डा ने कहा कि सबसे पहले पेपर लीक हरियाणा में हुआ था। हमने विधानसभा में आवाज उठाई। उस समय सरकार ने कहा कि एसआईटी बनाकर जांच करवाई जाएगी। लेकिन आज तक जांच नहीं हुई। ऐसा इसलिए है, क्योंकि सरकार कमजोर है। भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा के लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा करना सरकार का काम है, लेकिन भाजपा सरकार ऐसा नहीं कर पा रही। हरियाणा में आर्गेनाइज क्राइम लगातार बढ़ रहा है। थाईलैंड में बैठे आरोपी के गुर्गे क्राइम कर रहे हैं। पहले रोहतक जेल में बैठकर क्राइम चलता था।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने डीजीएम से की भेंट, मिला आश्वासन

**रोहतक।** बैंक से सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं अधिकारियों की समस्याओं के निवारण को लेकर बैंक कर्मचारी संगठन का प्रतिनिधिमंडल डीजीएम एवं सर्किल प्रमुख आरजू परवीन से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों और पेंशनर्स से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया तथा उनके समाधान की मांग की। बैठक के दौरान आरजू परवीन ने मुख्यालय के निर्देशों के अनुरूप वरिष्ठ नागरिकों को त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने और पेंशनर्स की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि पेंशनर्स की शिकायतों के समाधान के लिए अर्पणा सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक में अस्पतालों के साथ चिकित्सा अनुबंध के नवीनीकरण, सिविल लाइंस एवं भिवानी स्टैंड शाखाओं में पार्किंग क्षेत्र में दिव्यांग रैंप निर्माण तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पहचान पत्र जारी करने के लिए 4 जुलाई तक आवेदन पत्र जमा कराने का निर्णय लिया गया। अंत में प्रतिनिधिमंडल ने सर्किल प्रमुख आरजू परवीन को पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पीएनबी के सेवानिवृत्त अधिकारी एम.एल. अरोड़ा, प्रवीण बत्रा, हरिश्चंद्र, आजाद सिंह और एस.एस. डागर उपस्थित रहे।

## महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के 33 शोधार्थी पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने परीक्षकों के बोर्ड और शोध समिति की अनुशंसा पर 33 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान करने की मंजूरी दी है।परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि पीएचडी डिग्री के पात्र शोधार्थी हैं- जेनेटिक्स से गीता, निशा और महिमा, पर्यावरण विज्ञान विभाग से शिखा कुमारी, पूनम यादव तथा शिवानी, बॉटनी से मोनू, गौरव चौधरी, अमन कुमार, नवीन, प्रीतम हसनपुरी तथा कैलाश चंद मीणा बायोटेक्नोलॉजी से तन्नू, कॉमर्स से ज्योति तथा अनामिका, फिजिक्स से प्रिया, गणित से प्रदीप कुमार, इतिहास से मधु, मनोविज्ञान से शुभम, लोक प्रशासन से नितेश सैनी एवं अब्दुल रहीम, राजनीति विज्ञान से शिवानी देसवाल एवं पूजा, अर्थशास्त्र से काजल शर्मा एवं लक्ष्मी यादव, भूगोल से दीपक, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग से ज्योति, अंग्रेजी से रजनी, मोनिका और मनीषा, संगीत से ज्योति, हिंदी से सुमन देवी तथा विधि (लॉ) से ऋचा।

# राष्ट्र निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी शिक्षकों के कंधों पर : कुलपति

■ कार्यशाला को कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



राष्ट्र निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी शिक्षकों के कंधों पर है। शिक्षक को निष्ठावान, प्रेरणादायी एवं कर्तव्यनिष्ठ बनना होगा। नियमित रूप से कक्षाएं लेकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान देना होगा। समाज की शिक्षकों से बड़ी अपेक्षाएं हैं और शिक्षकों को सकारात्मक शैक्षणिक माहौल का निर्माण करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। ऐसा कहना है महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया का।

सोमवार को कुलपति अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा आयोजित महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय शिक्षकों की दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला का शुभारंभ जवाहरलाल नेहरू विवि, नई दिल्ली के प्रो. राजेश कुमार जांगिड़ तथा कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं सरस्वती वंदना के साथ किया। कुलपति ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल विषय ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों में निर्भीकता, नैतिकता और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण की भावना विकसित करना भी आवश्यक है। प्रो. राजेश कुमार जांगिड़ ने कहा कि शिक्षक केवल वेतन भोगी कर्मचारी नहीं, बल्कि समाज निर्माण के प्रमुख आधार हैं। भारतीय परंपरा में शिक्षक का स्थान सर्वोच्च रहा है। कार्यशाला के दूसरे सत्र में प्रतिष्ठित शिक्षाविद प्रो. सीताराम व्यास ने संगठनात्मक कार्यकर्ताओं के गुणों एवं दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता, सामूहिकता, अनुशासन, दायित्वबोध, आत्मविश्लेषण तथा आर्थिक शुचिता जैसे गुण होना आवश्यक है।

# श्रीमद्भागवत कथा जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाली दिव्य ज्ञानगंगाः नंद किशोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

**कथाव्यास पूजन के उपरांत सांय 7 बजे से 8 बजे तक भव्य फूलों की होली का आयोजन किया गया**



सुभाष नगर स्थित श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर में श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर समिति द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के सातवें एवं अंतिम दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा के समापन अवसर पर कथाव्यास पूजन का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूज्य कथावाचक पंडित नंद किशोर महाराज का पूजन एवं सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

कथावाचक पूज्य पंडित नंद किशोर महाराज ने अपने मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का सार प्रस्तुत करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति, सेवा एवं सदाचार का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाली दिव्य ज्ञानगंगा है, जिसके श्रवण मात्र से जीवन धन्य हो जाता है। कथाव्यास पूजन के उपरांत सायं 7 बजे से 8 बजे तक भव्य फूलों की होली का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारों और भजनों के बीच एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा कर आनंद एवं उत्साह के साथ फूलों की होली खेली। पूरा मंदिर परिसर रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू और भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। रात्रि 8 बजे से श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। मंदिर समिति द्वारा कथा महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, सेवकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।समिति पदाधिकारियों ने बताया कि सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव ने क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना का संचार किया है। कार्यक्रम के समापन पर समस्त श्रद्धालुओं की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई। इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**परिवार की सहमति से पीजीआई को सौंपा शरीर, मेडिकल के छात्र कर सकेंगे रिसर्च**

# देहदान कर बेटे ने पिता की अंतिम इच्छा पूरी की

**कपूर परिवार ने पेश की मिसाल : डॉ. एस के सिंघल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



मरने के बाद भी शरीर किसी के काम आ जाए तो जीवन सफल है। इस विचार को जीने वाले पाड़ा मोहल्ला निवासी स्वर्गीय शिवलाल कपूर ने मृत्यु के बाद भी समाजसेवा की जो लौ जगाई, वह आज पूरे हरियाणा के लिए प्रेरणा बन गई है।

उनके सुपुत्र अमित कपूर ने पिता की अंतिम इच्छा को सर्वोपरि रखते हुए धर्मपत्नी शांति देवी और बेटियों सुमन, किरण, सोनिया व मोनिका की सहमति से उनका देहदान पीजीआईएमएस रोहतक को कर दिया। स्व. शिवलाल कपूर जीवनभर जीते जी रक्तदान - जाते-जाते अंगदान,मरणोपरांत नेत्रदान एवं देहदान' के संकल्प पर अडिग रहे।

पटवार खाना, गोहाना रोड स्थित शिवालय मंदिर के समीप निवास करने वाले शिवलाल ने परिवार को भी यही संस्कार दिए थे। उनके निधन के बाद बेटे अमित ने गम को ताकत में बदला और भारत विकास परिषद से संपर्क कर देहदान की प्रक्रिया पूरी की। इस पुण्य कार्य में परिषद के संयोजक अशोक कुमार गुप्ता, शाखा अध्यक्ष विक्रांत शर्मा, सेवा संयोजक संजय भाटिया एवं रजिंदर कत्याल का विशेष सहयोग रहा। परिषद के सदस्यों ने न सिर्फ कागजी कार्यवाही में मदद की, बल्कि पूरे परिवार का हौसला भी बढ़ाया।सोमवार को स्व. शिवलाल का पार्थिव शरीर सम्मान के साथ पीजीआईएमएस रोहतक के एनाटॉमी विभाग को सौंपा गया।

### बेटी बोली- पापा कहते थे, शरीर मिट्टी है, इसे जलाने से बेहतर है कि यह किसी के काम आए

बेटी सुमन ने नम आंखों से बताया कि उनके पापा हमेशा कहते थे कि शरीर मिट्टी है, इसे जलाने से बेहतर है कि यह किसी के काम आ जाए। आज हमें गर्व है कि पापा की देह पर रिसर्च कर मेडिकल के छात्र अपने ज्ञान को बढ़ा पाएंगे। देहदान के समय एनाटॉमी विभाग के अध्यक्ष डॉ. विवेक मलिक, डॉ. गोपाल गुप्ता एवं डॉ. संजय गुप्ता सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। डॉ संजय गुप्ता ने कहा कि डॉ सिंघल ने परिवा को एक पौधा भेंट किया। विभाग ने परिवार को आश्वस्त किया कि पार्थिव देह का उपयोग पूरी गरिमा और सिर्फ शैक्षणिक व शोध उद्देश्य के लिए ही किया जाएगा। भारत विकास परिषद के संयोजक अशोक गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में मेडिकल कॉलेज तो बढ़ रहे हैं, पर देहदान के अभाव में छात्रों को पढ़ाई में दिक्कत आती है। एक कैडावर से पूरा बैच सीखता है।

**कैसे करें देहदान का संकल्पः** सोटो की स्टीयरिंग कमेटी के चेयरमैन डॉ एस के सिंघल ने कहा कि अंगदान की शपथ पत्र भरने का इच्छुक व्यक्ति पीजीआईएमएस रोहतक के चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में स्थित कमरा नंबर 17 में आकर अंगदान का फार्म भर सकता है और आमजनता को इसके लिए जागरूक कर सकता है। उन्होंने कहा कि शिवलाल कपूर का जीवन एक संदेश दे गया शरीर नश्वर है, पर नेक काम से मिली ख्याति अमर होती है।

भावपूर्ण श्रद्धांजलि

स्व. श्री सुरेश कुमार जी
आप सभी को बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि श्री सुरेश कुमार जी का आकस्मिक निधन दिनांक 18 जून 2026 को एक सड़क दुर्घटना में हो गया है। उनकी आत्मिक शांति हेतु रस्म तेरहवीं दिनांक 24.06.2026 (बुधवार) को उनके निवास स्थान गांव भालोठ, जिला रोहतक में समय सुबह 9 बजे होगी।
शोकाकुल
समस्त दहमे परिवार
सम्पर्क सूत्र : 9671351438, 9992051885, 9812159425

## खबर संक्षेप

### बाइक और ट्रैक्टर चोरी पुलिस ने दर्ज किए मामले

**रोहतक।** जिले में वाहन चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। सदर थाना क्षेत्र में नसीरपुर बाईपास के पास एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई, जबकि शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से एक अन्य बाइक और एक ट्रैक्टर चोरी होने के मामले भी दर्ज किए गए हैं। पुलिस को दी शिकायत में गांव गतौली, जिला जींद निवासी उमेश ने बताया कि वह वीटा प्लांट रोहतक में कार्य करता है। 19 जून की शाम काम खत्म कर वह अपनी मोटरसाइकिल से गांव लौट रहा था। नसीरपुर बाईपास पर नहर के समीप अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। उसने चाबी लगी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी और वहीं लेट गया।

### सीआईए-2 ने युवक को अवैध हथियारों सहित दबोचा

**रोहतक।** पुलिस की सीआईए स्टाफ-2 टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से दो देसी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक बिजेंद्र के नेतृत्व में सीआईए-2 की टीम दिल्ली-रोहतक रोड पर चुलियाना चौक गांधरा मोड़ के पास गश्त कर रही थी। मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांधरा गांव की ओर से आ रहे एक संदिग्ध युवक को काबू किया गया।पूछताछ में उसकी पहचान हिमांशु पुत्र मुनीम निवासी गांव गांधरा, जिला रोहतक के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके पास से दो देसी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सांपला में केस दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया।

# साइबर ठगों का नया हथियार 'म्यूल अकाउंट', छात्रों को बनाया जा रहा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

साइबर अपराधियों ने ठगी का नया और खतरनाक तरीका खोज लिया है। अब ठग सीधे लोगों के बैंक खाते नहीं हैक कर रहे, बल्कि आम नागरिकों के बैंक खातों, सिम कार्ड और यूपीआई आईडी को ही अपने अपराध का जरिया बना रहे हैं। इन्हें म्यूल अकाउंट कहा जाता है। एसपी गौरव राजपुरोहित ने इस बढ़ते साइबर खतरे को लेकर आमजन को सतर्क करते हुए चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा कि थोड़े से लालच में आकर अपना बैंक खाता या डिजिटल पहचान साझा करने वाले लोग भी अनजाने में साइबर अपराध का हिस्सा बन सकते हैं और कानूनी कार्रवाई का सामना कर सकते हैं।

### बैंक खाते, सिम कार्ड व यूपीआई का दुरुपयोग कर लाखों की ठगी एसपी गौरव ने जारी की चेतावनी



### सोशल मीडिया के जरिये फंसा रहे

- साइबर अपराधी बेरोजगार युवाओं, छात्रों, गृहिणियों और पार्ट-टाइम नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को निशाना बना रहे हैं। सोशल मीडिया, टेलीग्राम चैनल, मैसेजिंग एप और फर्जी जॉब पोर्टलों के माध्यम से घर बैठे कमाई, आसान नौकरी और मोटे कमीशन का लालच दिया जाता है।
- इसके बाद लोगों से उनके बैंक खाते, एटीएम कार्ड, मोबाइल नंबर, सिम कार्ड या यूपीआई आईडी का इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी जाती है। कई मामलों में खाताधारकों को कुछ हजार रुपये देने का लालच देकर उनके खातों का उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त रकम को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने में किया जाता है।
- इस प्रक्रिया के जरिए अपराधी असली पहचान छिपाने में सफल रहते हैं। यही खाते बाद में मनी लॉन्ड्रिंग, फर्जी निवेश योजनाओं, ऑनलाइन लोन फ्रॉड और अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध नेटवर्क के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं।

### क्या है म्यूल अकाउंट

म्यूल अकाउंट ऐसा बैंक खाता होता है, जो किसी आम व्यक्ति के नाम पर होता है, लेकिन उसका उपयोग साइबर अपराधी अवैध धन के लेन-देन के लिए करते हैं। कई बार खाताधारक को इसकी जानकारी भी नहीं होती, लेकिन जांच के दौरान उसका खाता अपराध से जुड़ा मिलने पर उसे पूछताछ और कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। कोई भी वैध कंपनी या नियोक्ता किसी कर्मचारी या व्यक्ति के निजी बैंक खाते का उपयोग अपने लेन-देन के लिए नहीं करता। यदि कोई ऐसा प्रस्ताव देता है तो उसे साइबर अपराध का संकेत समझना चाहिए।

### यह न करें

- अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड, चेकबुक, सिम कार्ड, यूपीआई आईडी या इंटरनेट बैंकिंग संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें।
- कोई व्यक्ति या संस्था खाते के उपयोग का प्रस्ताव देती है तो इसकी सूचना छिपाएं नहीं तुरंत पुलिस को दें।

### 1930 पर दें शिकायत

एसपी गौरव राजपुरोहित ने कहा कि साइबर ठगी या संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं या साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल तथा नजदीकी पुलिस थाने से संपर्क करें। समय पर दी गई सूचना आर्थिक नुकसान को रोकने और अपराधियों तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## डायल-112 को मिली 10 नई बाइकें, संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में बढ़ेगी पुलिस की गश्त, आपातकालीन घटनाओं पर होगी त्वरित कार्रवाई

# अब गलियों तक पुलिस की निगरानी

- नई बाइकों के शामिल होने से पुलिस की प्रतिक्रिया क्षमता बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में अपराध नियंत्रण और आपातकालीन सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए डायल-112 पुलिस यूनिट को 10 नई बाइकें उपलब्ध कराई गई हैं। इन बाइकों के माध्यम से अब पुलिस उन संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों तक भी आसानी से पहुंच सकेगी, जहां चार पहिया वाहन पहुंचने में परेशानी महसूस करते हैं। नई बाइकों के शामिल होने से पुलिस की प्रतिक्रिया क्षमता बढ़ेगी और लोगों को भी त्वरित सहायता मिल सकेगी।



### कंट्रोल रूम के साथ लगातार संपर्क बना रहें

पुलिस का कहना है कि डायल-112 पर आने वाली कॉलों पर अब और तेजी से कार्रवाई की जा सकेगी। बाइक यूनिट को आधुनिक संचार उपकरणों से भी लैस किया गया है ताकि कंट्रोल रूम के साथ लगातार संपर्क बना रहे। नई बाइकों के शुरू होने से शहरवासियों को सुरक्षा का बेहतर माहौल मिलेगा। पुलिस विभाग का मानना है कि लगातार गश्त से अपराधियों में भय पैदा होगा और कानून व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकेगा।

### संकरी गलियों में नियमित गश्त करेंगे

पुलिस अधिकारियों के अनुसार डायल-112 सेवा को मजबूत करने के उद्देश्य से इन बाइकों को बेड़े में शामिल किया गया है। बाइक सवार पुलिसकर्मी शहर की कॉलोनियों, बाजारों, रिहायशी क्षेत्रों और संकरी गलियों में नियमित गश्त करेंगे। इससे संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ-साथ अपराधियों पर भी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

### बाइकों की भूमिका अहम रहने वाली

शहर में अक्सर जाम और संकरी गलियों के कारण पुलिस वाहनों को घटनास्थल तक पहुंचने में समय लग जाता है। ऐसे में बाइक पेट्रोलिंग यूनिट कम समय में मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाल सकेगी। खासकर चोरी, झगड़ा, महिलाओं की सुरक्षा और सड़क हादसों जैसी घटनाओं में इन बाइकों की भूमिका अहम रहने वाली है।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक बेचने व गंदगी फैलाने वालों पर निगम सख्त, 16 चालान काटे 27600 रुपये वसूले



**रोहतक।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम रोहतक द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। नगर निगम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीमों ने शहर के विभिन्न बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, सार्वजनिक स्थलों तथा प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर कुल 16 चालान किए और 27,600 रुपये का जुर्माना वसूला। नगर निगम आयुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निगम की टीमों को लगातार फील्ड में सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में संयुक्त निरीक्षण अभियान के दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री करते पाए गए 12 दुकानदारों के चालान किए गए। इन दुकानदारों पर कुल 26,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंककर गंदगी फैलाने वाले चार लोगों के चालान कर उनसे 1,100 रुपये का जुर्माना वसूला गया। आयुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। यह न केवल भूमि और जल स्रोतों को प्रदूषित करता है, बल्कि नालियों और सीवरेज व्यवस्था के अवरुद्ध होने का भी प्रमुख कारण बनता है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने से शहर की स्वच्छता प्रभावित होती है और नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए ऐसे मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान निगम की टीमों ने चालान करने के साथ-साथ दुकानदारों और नागरिकों को जागरूक भी किया। लोगों को कपड़े और जूट के थैलों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई।

# समाधान शिविरों की शिकायतें तय समय में निपटाएं : मंजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में आयोजित समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के त्वरित और स्थायी निपटारे पर प्रशासन ने फिर जोर दिया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें और संबंधित नागरिकों से सीधे संवाद कर उन्हें की गई कार्रवाई की जानकारी दें, ताकि समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके। प्रशासन के अनुसार समाधान शिविरों का उद्देश्य विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों का एक ही स्थान पर शीघ्र निपटारा करना है। इसके लिए प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिला मुख्यालय तथा उपमंडल मुख्यालयों पर शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर शिकायतों की सुनवाई और समाधान की प्रक्रिया आगे बढ़ाते हैं। सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मंजीत कुमार और नगराधीश शुभम ने लोगों की समस्याएं सुनीं। कई मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करने और लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए गए। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।



### शिकायत टाइप कराना अनिवार्य नहीं

इसी प्रकार सांपला और महम उपमंडलों में भी समाधान शिविर लगाए गए, जहां नागरिकों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें प्रशासन के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर मामलों का समाधान करने के निर्देश दिए। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी शिकायत साधारण कागज पर लिखकर शिविर में प्रस्तुत कर सकते हैं। शिकायत टाइप कराना अनिवार्य नहीं है। पढ़ने-लिखने में असमर्थ लोगों की सहायता के लिए शिविरों में कर्मचारियों की व्यवस्था भी की गई है। साथ ही शिकायतों के निपटारे के बाद नागरिकों की संतुष्टि जानने के लिए कॉलिंग सेल भी कार्यरत है। प्रशासन का मानना है कि नियमित समाधान शिविरों से विभागीय जवाबदेही बढ़ी है और आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं।

# तीन दिन तक घिलौड़ के लोगों ने नीलगाय को कुत्तों से बचाया

### घायल को पशु आश्रय गृह भेजा

**रोहतक।** घिलौड़ गांव में तीन दिन तक आवारा कुत्तों के झुंड से जूझ रही एक नीलगाय के बच्चे को आखिरकार ग्रामीणों ने सुरक्षित बचाकर जंगल में छोड़ दिया। नीलगाय का बच्चा पिछले कई दिनों से कुत्तों के हमले से बचने के लिए इधर-उधर भटक रहा था। गांव के लोग भी उसे बचाने की कोशिश में जुटे हुए थे, लेकिन कुत्तों का झुंड लगातार उसका पीछा कर रहा था। ग्रामीण सरी ने बताया कि तीन दिन पहले गांव के आसपास खेतों में नीलगाय का बच्चा दिखाई दिया था। उसी समय से कई आवारा कुत्ते उसके पीछे पड़ गए। नीलगाय जहां भी जाती, कुत्तों का झुंड उसका पीछा करने लगता। ग्रामीण कई बार कुत्तों को भगाते रहे, लेकिन वे दोबारा उसके पीछे लग जाते थे। जान बचाने के लिए नीलगाय का बच्चा लगातार इधर-उधर भागता रहा। रविवार को कुत्तों से बचने के लिए नीलगाय गांव के एक तालाब में घुस गई। उसके पीछे कुत्ते भी पानी में उतर गए, लेकिन तालाब में पानी अधिक होने के कारण वे नीलगाय तक नहीं पहुंच सके। नीलगाय काफी देर तक तालाब के गहरे हिस्से में खड़ी रही, जबकि कुत्ते किनारों पर घूमते रहे। ग्रामीणों ने भी मौके पर पहुंचकर कुत्तों को दूर रखने का प्रयास किया। सरी के रविवार रात को नीलगाय तालाब से निकलकर जंगल की ओर जाने लगी, लेकिन रास्ते में एक गहरे गड्ढे में गिर गई। अंधेरा होने के कारण किसी को इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। पूरी रात नीलगाय गड्ढे से बाहर निकलने के लिए संघर्ष करती रही, लेकिन सफल नहीं हो पाई। सोमवार सुबह गांव की एक महिला को किसी पशु के रंभाने जैसी आवाज सुनाई दी। उसने आसपास देखा तो गड्ढे में नीलगाय का बच्चा फंसा मिला। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीण उसे सुरक्षित बाहर निकालने में सफल रहे।



# भैयापुर और शहर में 12.5 एकड़ में दो अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला प्रशासन ने अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए रविवार को गांव भैयापुर और रोहतक शहर क्षेत्र में विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों पर तोड़फोड़ अभियान चलाया। अभियान के दौरान करीब 12.5 एकड़ भूमि में किए गए अवैध विकास कार्यों को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के तहत तीन निर्माण, दो चारदीवारियां पक्का सड़क नेटवर्क तोड़ा गया। यह कार्रवाई जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) विभाग की टीम द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। अभियान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। प्रशासन की ओर से पहले संबंधित स्थलों की जांच की गई थी, अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई गई।



### भविष्य में भी अभियान जारी रहेगा

विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिन स्थानों पर कार्रवाई की गई, वहां बिना आवश्यक अनुमतियों और विभागीय मंजूरी के कॉलोनी विकसित करने का प्रयास किया जा रहा था। कॉलोनाइजरों द्वारा भूमि पर सड़क नेटवर्क तैयार किया जा रहा था तथा अन्य विकास कार्य भी किए गए थे। नियमानुसार अनुमति न होने के कारण इन निर्माणों को अवैध माना गया और उन्हें हटाने की कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन का कहना है कि नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों के विकास पर लगातार नजर रखी जा रही है। संबंधित विभाग समय-समय पर निरीक्षण कर ऐसे मामलों की पहचान कर रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध निर्माण और अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ भविष्य में भी अभियान जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**जानकारी** बोहर गांव में पूसा के वैज्ञानिकों ने दी खेत बचाने की सीख

# जमीन की कुंडली है सॉइल हेल्थ कार्ड, बिना इसके अच्छी खेती मुमकिन नहीं : डॉ. रबी

- अंधाधुंध रसायनों से बंजर हो रही ज़मीन
- मिट्टी की सेहत सुधरेगी तो बढ़ेगा किसानों का मुनाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा देशव्यापी स्तर पर चलाए जा रहे मेरा गांव मेरा गौरवः खेत बचाओ अभियान (1 जून से 30 जून) के तहत रोहतक के बोहर गाँव में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) पूसा, नई दिल्ली और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के शीर्ष कृषि वैज्ञानिकों ने शिरकत की और किसानों को आधुनिक व सुरक्षित खेती के गुर सिखाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचे पूसा संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. रबी नारायण साहू ने मिट्टी की सेहत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 'सॉइल हेल्थ कार्ड' (मृदा स्वास्थ्य कार्ड) किसान के लिए उसकी ज़मीन की कुंडली की तरह है। इसमें मिट्टी की रासायनिक और भौतिक स्थिति की पूरी जानकारी होती है कि ज़मीन में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस या अन्य किस पोषक तत्व की कमी है। उन्होंने बताया कि जब तक किसान को अपनी मिट्टी के स्वास्थ्य की सही जानकारी नहीं होगी, तब तक वह बेहतर और मुनाफे वाली खेती नहीं कर सकता।



रोहतक। किसानों को जानकारी देते वैज्ञानिक। फोटो : हरिभूमि

### प्राकृतिक खेती से थमेगा बीमारियों का प्रकोप

डॉ. रबी नारायण साहू ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि आज रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग के कारण 18 से 20 साल के युवाओं में बीपी, शुगर और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियाँ देखने को मिल रही हैं। प्राकृतिक खेती का कोई नुकसान नहीं है, बल्कि इससे न केवल मिट्टी की उम्र और उसके पोषक तत्व सुरक्षित रहते हैं, बल्कि इंसानी स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। सरकार भी अब प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर काम कर रही है। उन्होंने किसानों को उन्नत और अच्छी गुणवत्ता के प्रमाणित बीज लेने के लिए सीधे पूसा संस्थान, नई दिल्ली आने का निमंत्रण भी दिया।

### वैज्ञानिकों ने दी अहम तकनीकी जानकारियां

इस मौके पर पूसा संस्थान से आए डॉ. रबी नारायण साहू, डॉ. नविंदर सैनी, भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान के डॉ. सुनील कुमार और एमडीयू रोहतक के प्रोफेसर अजीत कुमार ने भी किसानों से सीधा संवाद किया। वैज्ञानिकों ने मिट्टी के स्वास्थ्य, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, बाज़ार में मिलने वाले नकली कीटनाशकों की पहचान करने के तरीके, जैविक कृषि और आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में बौहर गांव के करीब 25 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया और यह जाना कि कैसे रसायनों का गलत इस्तेमाल जमीन को बंजर बना रहा है। इस अवसर पर ग्रामीणों और किसानों की तरफ से पूर्व एमसी जयभगवान ठेकेदार, पूर्व सरपंच हवासिंह, रमेश नांदल, ओमप्रकाश सैनी और दिलावर सिंह सहित कई गणमान्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## शहर के सौंदर्यीकरण एवं सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने को निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण



- अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

*रोहतक। शहर के सौंदर्यीकरण, सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने तथा सार्वजनिक स्थलों की सुविधाओं का जायजा लेने के उदेश्य से आज नगर निगम आयुक्त नरेंद्र कुमार ने विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। नगर निगम आयुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि आज सबसे पहले शीला बाईपास पुल के नीचे का निरीक्षण किया गया जिस दौरान मौके पर भू-अधिकारी व नगर अभियंता को निर्देश दिए गए कि यहां पर लगे पोस्टर बैनर तुरंत हटवाये जाये तथा सम्बधित के विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही की जाये। वहां निगम द्वारा लगाये गये शीशे के कार्य का भी जायजा लिया कि इससे कितना प्रभाव पड़ा है। इसके पश्चात नगर निगम पुराने एडीसी कार्यालय के सामने स्थित फ्लाईओवर के नीचे तथा रेलवे एलिवेटेड ट्रैक के साथ लगते क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर कूड़ा व मलबा मिला जिस बारे संबंधित अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख मार्गों, फ्लाईओवरों एवं सार्वजनिक स्थलों के आसपास स्वच्छता बनाए रखना नगर निगम की प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की गंदगी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही नगर अभियंता को निर्देशित किया गया पुलो के नीचे खाली पड़ी जमीन का सौन्दर्यकरण की परियोजना तैयार की जाये तथा आमजन की सुविधा हेतु कुछ बनवाया जाये ताकि यहां पर गंदगी न डाल सकें। निगम आयुक्त नरेंद्र कुमार ने यह भी बताया कि बस स्टैंड के सामने स्थापित कूलिंग टॉवर का भी औचक निरीक्षण किया गया जिस दौरान वहां उपलब्ध सुविधाओं, साफ-सफाई तथा आमजन को प्रदान की जा रही सेवाओं का जायजा लिया। कूलिंग टॉवर पर मौजूद व्यवस्थाओं की जांच करते हुए उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को सभी सुविधाएं सुचारू रूप से संचालित रखने तथा नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।*